आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 17.10.2024

मुख्य समाचारः—

1— रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट में हो रहे उपचुनाव के लिए कल से शुरू होगी नामांकन भरने की प्रक्रिया।

2— डीएमएफ घोटाले मामले में ईडी ने आदिवासी विकास विभाग में सहायक आयुक्त रही माया वारियर को गिरफ्तार किया।

3— सुकमा जिले के चितलनार में बीते एक सप्ताह में डायरिया से छह लोगों की मौत।

दक्षिण विधानसभा—नामांकन

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट में उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया कल अट्ठारह अक्टूबर से शुरू होगी। नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अक्टूबर है। वहीं, अट्ठाईस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि तीस अक्टूबर है।

इससे पहले, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने कल प्रदेश के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस अवसर पर श्रीमती कंगाले ने बताया कि नामांकन के लिए अभ्यर्थी के मात्र तीन वाहन ही नामांकन केंद्र की सौ मीटर की परिधि में प्रवेश कर सकेंगे। नामनिर्देशन के लिए अभ्यर्थी सहित कुल पांच व्यक्ति ही नामांकन कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे।

एमओयू—हस्ताक्षर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में कल मंत्रालय में छत्तीसगढ़ के तकनीकी शिक्षा और रोजगार सचिव डॉक्टर एस. भारतीदासन और गुजरात सरकार के तकनीकी शिक्षा आयुक्त बंछानिधि पाणि ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में इस साझेदारी को एक ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री ने आई—हब गुजरात के मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि यह साझेदारी छत्तीसगढ़ में भी युवाओं को नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा की यह समझौता न केवल तकनीकी सुविधाओं पर केंद्रित है, बल्कि युवाओं को सलाहकारों, निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ जोड़कर उन्हें सशक्त बनाने का मंच प्रदान करेगा। इस साझेदारी से छत्तीसगढ़ नवाचार और स्टार्ट—अप के क्षेत्र में अग्रणी बनेगा।

वहीं, छत्तीसगढ़ में वन अधिकार अधिनियम—दो हजार छह के बेहतर कियान्वयन के लिए आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग और स्वयं सेवी संस्था अशोका ट्रस्ट फॉर रिसर्च इन इकोलॉजी एण्ड एनवायरोमेंट के बीच भी एमओयू हुआ। विभागीय मंत्री रामविचार नेताम की उपस्थिति में ए.टी.आर.ई.ई. के प्रतिनिधि डॉक्टर शरतचंद्र लेले और विभाग के सचिव नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर मंत्री श्री नेताम ने कहा कि यह समझौता वन अधिकार अधिनियम के उचित अनुपालन में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते के माध्यम से एफआरए अधिनियम के उचित क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

भारतीय सड़क कांग्रेस अधिवेशन

भारतीय सड़क कांग्रेस का तिरासीवां वार्षिक अधिवेशन सात नवम्बर से ग्यारह नवम्बर तक राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम और साइंस कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विभागीय सचिव डॉक्टर कमलप्रीत सिंह सहित अधिवेशन से संबंधित सभी अधिकारियों को इसकी तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

महिला आयोग–पदभार

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रिक्त पांच पदों पर राज्य शासन द्वारा सदस्यों की नियुक्ति की गई है। आज नवनियुक्त सदस्यों ने पदभार ग्रहण कर लिया है। महिला आयोग कार्यालय में प्रियंवदा सिंह जूदेव, सरला कोसरिया, ओजस्वी मंडावी और दीपिका सोरी ने आज पदभार ग्रहण किया। जबकि एक अन्य सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने सात अक्टूबर को ही पदभार ग्रहण कर लिया था।

माया वारियर–गिरफ्तार

डी.एम.एफ. घोटाले मामले में माया वारियर को प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने कल रायपुर से गिरफ्तार किया है। माया वारियर कोरबा में आदिवासी विकास विभाग में सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थ रह चुकी है। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने उन्हें रायपुर के विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां से अदालत ने उन्हें तेईस अक्टूबर तक रिमांड पर ईडी को सौंप दिया है।

डायरिया–मौत

सुकमा जिले के चितलनार में बीते एक पखवाड़े में डायरियास से करीब पन्द्रह लोगों की मौत हो गई है। सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम इलाके में कैम्प कर रही है।

सुकमा जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर कपिल कश्यप ने बताया कि गांव में मौसमी बीमारी की स्थिति अब नियंत्रण में है और स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का उपचार किया जा रहा है।

इधर, बेमेतरा जिले के ढाबा गांव में तिरपन लोग डायरिया से ग्रसित पाए गए हैं। डायरिया पीड़ितो में उन्नीस महिला, उन्नीस पुरूष और पन्द्रह बच्चे शामिल हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है, जिन्हें बेरला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है, वहीं, अन्य लोगों का गांव में ही डॉक्टर की टीम द्वारा कैंप लगाकर इलाज किया जा रहा है।

वन खेलकूद महोत्सव

रायपुर में चल रहे सत्ताईसवें अखिल भारतीय वन खेलकूद महोत्सव के दूसरे दिन आज विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कल केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने वर्चुअल शुभकामना संदेश में कहा कि वनों के संरक्षण में वनकर्मियों की अहम भूमिका होती है। अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में वनबल के कर्मचारी हिस्सा लेते है। वनकर्मियों के लिए खेलों का विशेष महत्व है। इससे एकाग्रता, साहस और टीम भावना से कार्य करने में मदद मिलती है।

शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय थे। इस अवसर पर बिहार के वन मंत्री डॉक्टर प्रेमकुमार भी उपस्थित थे। समारोह में विशेष रूप से उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय टी–ट्वेंटी के भारतीय कप्तान सूर्य कुमार यादव ने छत्तीसगढ़ में वनों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

गौरतलब है कि सत्ताईसवीं ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट के तहत छब्बीस खेलों की स्पर्धाएं हो रही हैं। इसमें देशभर से करीब तीन हजार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता बीस अक्टूबर तक चलेगी।

साइबर–जागरूकता

साइबर जागरूकता पखवाड़े के तहत गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के विद्यालयों में चौदह और पन्द्रह अक्टूबर को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग साढ़े आठ सौ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

वहीं, नारायणपुर जिले के ग्राम मैनपुर बाजार स्थल और देवगांव पोटाकेबिन के हायर सेकण्डरी स्कूल में साइबर क्राईम जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें साइबर टीम ने ग्रामीणों और स्कूली छात्रा–छात्राओं तथा शिक्षकों को संदिग्ध कॉल, लिंक या अंजान व्हाट्सएप ग्रुप और अन्य साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी। इस दौरान बैनर–पोस्टर के माध्यम से साइबर सुरक्षा के लिए जन–जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार

रायपुर स्थित शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय द्वारा आज से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार का विषय ''मॉडर्न एस्पेक्ट्स इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी'' है। सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा कि विज्ञान में नित नए आविष्कार होते रहे हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान के प्रयोग देखे जा सकते हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर किरण गजपाल ने कहा कि शोध के क्षेत्र में महाविद्यालय बहुत सक्रिय है इसे क्यूरी प्रोजेक्ट मिला है, छियानवे शोधपत्र प्रकाशित हुए हैं और कई शोध प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इस दौरान सेमिनार के लिए आए सौ शोधपत्रों के संग्रहण की स्मारिका का विमोचन किया गया। इसके साथ ही डॉक्टर प्रकाश कौर और मधुलिका पांडव की पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

संक्षिप्त समाचार

– सीआरपीएफ़ के डीजी अनीश दयाल सिंह ने माओवाद प्रभावित सुकमा जिले के पूवर्ती कैम्प का दौरा किया। इस अवसर पर प्रदेश के डीजीपी अशोक जुनेजा और एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा मौजूद थे।

– बेमेतरा जिले के अड़ार गांव के पास यात्रियों को जा रही बस ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में चौबीस लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से चार लोगों को मुंगेली रेफर किया गया है। इक्कीस घायलों का इलाज नांदघाट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

– मुंगेली पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी के मुख्य आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू ने चालू सत्र में ओडीएल, ऑनलाइन कोर्स में प्रवेश की अंतिम तिथि इकतीस अक्टूबर तक बढ़ा दी है।

– कबीरधाम जिले में सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना पंडरिया के मजदूर पन्द्रह सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले कल से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

– राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने इंकयावन अधिकारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं।

– रायगढ़ के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में लगभग अड़तालीस हाथियों का एक दल विचरण कर रहा है। वन विभाग इस पर निगरानी रखे हुए हैं।

– कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के विभिन्न स्कूलों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत तीन अक्टूबर से सत्रह अक्टूबर तक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

– सक्ती जिले में रेत–गिट्टी का अवैध परिवहन करने वाले बारह ट्रैक्टर और एक हाइवा को जब्त किया गया है। सभी वाहनों पर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

– जशपुर जिला प्रशासन द्वारा देशदेखा में युवाओं के लिए जशपुर जंबूरी का आयोजन आज से बीस अक्टूबर तक किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>